पत्रांक– 4418

बिहार सरकार
उद्योग विभाग

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांकः– 19-09-2025

विषयः– "स्वदेशी अपनाओ" अभियान के तहत आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।

प्रसंगः– मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (मुख्य सचिव कोषांग) का पत्रांक–1996/गो0मु0स0 दिनांक–11.09.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि दिनांक–17.09.2025 से 02.10.2025 की अवधि में मनाये जाने वाला **"सेवा पर्व"** के दौरान Mass Moblisation Campaign/Programme में **स्वदेशी अपनाओ अभियान** को शामिल किया गया है। "स्वदेशी अपनाओ" अभियान के तहत बिहार राज्य में स्वदेशी उत्पादों को सभी लोगों तक उपलब्ध कराने तथा उपयोग करने को प्रोत्साहित किये जाने की योजना है, जिसके तहत जिला स्तर पर कई कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाना है जो निम्नवत हैः–

- जिला उद्योग केन्द्र, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं KVIC द्वारा खादी वस्त्रों तथा उसके हस्तनिर्मित स्वदेशी उत्पादों पर 21 सितम्बर 2025 से आगामी पूरे त्योहारी सीजन तक अर्थात 31 अक्टूबर 2025 तक 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।
- उपरोक्त तीनों संस्थाओं के सहयोग से प्रत्येक जिला में खादी एवं हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। जिसमें भारत के ऐतिहासिक धरोहर एवं बिहार की माटी की पहचान को भी प्रदर्शित किया जाएगा।
- दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रत्येक जिला में कम से कम 03 (तीन) बड़े आकर्षक पंडालों के पास उद्योग विभाग का एक पंडाल/टेन्ट लगाया जायेगा। जिसमें खादी वस्त्र, खादी उत्पाद, हस्त निर्मित वस्तुएँ एवं एक जिला– एक उत्पाद से संबंधित वस्तुओं की बिक्री 50 प्रतिशत आकर्षक छूट के साथ की जायेगी।
- उक्त पंडाल/टेन्ट को भारतीय और बिहार की विरासत एवं परंम्परा के प्रदर्शनी के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः राशि रू0 25,000/-, 15000/– एवं 5000/– दिया जायेगा।
- टेन्ट के निर्माण हेतु प्रति टेन्ट एक लाख रू0 दिया जायगा।

- उक्त टेन्ट दशहरा से छठ पूजा तक लगाया जायेगा।
- मेला खत्म होने के उपरान्त टेन्ट को दूसरे भीड़–भाड़ वाले आकर्षण केन्द्र पर शिफ्ट कर दिया जायेगा।
- टेन्ट लगाने एवं पुरस्कार वितरण में खर्च होने वाले राशि का वहन बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को उपलब्ध करायी गयी राशि से किया जायगा।
- स्कूल एवं कॉलेज में भविष्य में आत्मनिर्भर भारत बनने के संबंध में Quiz and Debate का आयोजन किया जायेगा।
- विद्यार्थियों से स्थानीय समस्याओं का निदान एवं सुझाव से आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ने में सहायक होगा।
- स्थानीय उद्योग एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करना ।
- **"स्वदेशी के साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान"।**

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परिपेक्ष्य में आवश्यक कार्रवाई कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

अपर मुख्य सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 4418 दिनांकः– 19-09-2025

प्रतिलिपिः– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, बिहार, पटना /राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, शेखपुरा, पटना/सभी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, बिहार/अपर मुख्य सचिव उद्योग विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।